# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-23 | 2 | 5-7 |

## पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी : प्रो. कांबोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी सेंटर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने पौधरोपण किया और सभी को पौधरोपण के लिए प्रेरित भी किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार की देखरेख में करवाया गया। इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, डॉ. मंजू मेहता मौजूद रहे। संवाद



एचएयू में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-4-23 | 4 | 4-6 |

# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण करना जरूरी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 22 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी सैंटर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने पौधरोपण किया, साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी किया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। समय के साथ नई चुनौतियों के बीच प्रकृति और पृथ्वी को बचाने की जरूरत महसूस होती है। विकास की दौड़ में पर्यावरण के सुरक्षा की जिम्मेदारी कहीं धुंधला न जाए, इसके लिए पृथ्वी दिवस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने बताया कि प्रकृति के संरक्षण में बहुत सी चुनौतियों आती है। इनमें जनसंख्या का तेजी से बढ़ना, मृदा अपरदन, वायु प्रदूषण, जल-प्रदूषण, वनों की कटाई जैसी चुनौतियां मुख्य है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए जिन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है उसी उद्देश्य के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।



*विश्व पृथ्वी दिवस पर एच.ए.यू. में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर.. काम्बोज।*

इस कार्यक्रम का आयोजन भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार की देखरेख में करवाया गया। इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू मेहता आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 23-4-23 | 5 | 1-3 |


# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण करना ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



विश्व पृथ्वी दिवस पर एचएयू में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

हिसार, 22 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी सेंटर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने पौधरोपण किया, साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है कि लोगों को पृथ्वी के महत्व को बताना और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। समय के साथ नई चुनौतियों के बीच प्रकृति और पृथ्वी को बचाने की जरूरत महसूस होती है। विकास की दौड़ में पर्यावरण के सुरक्षा की जिम्मेदारी कहीं धुंधला ना जाए, इसके लिए पृथ्वी दिवस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि प्रकृति के संरक्षण में बहुत सी चुनौतियों आती है। इनमें जनसंख्या का तेजी से बढना, मृदा अपरदन, वायु प्रदूषण, जल-प्रदूषण, वनों की कटाई जैसी चुनौतियां मुख्य है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए जिन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है उसी उद्देश्य के लिए पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के बिना इंसान का जीवन संभव नहीं है। इसे बचाने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेना होगा। ऐसा करने से हरियाली के साथ हमें ऑक्सीजन भी मिलती है। इस कार्यक्रम का आयोजन भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार की देखरेख में करवाया गया। इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बलदेव डोगरा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की निदेशक डॉ. मंजू मेहता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. जयदीप पाटिल, डॉ. सतपाल, डॉ. प्रवीन कुमार, कृषि निरीक्षक रामपाल, होंटिया प्रधान दिनेश, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुमार, सचिव राजेश व अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ के प्रधान राजेश ग्रेवाल भी उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-4-23 | 2 | 4 |

## हकृवि में वीसी ने किया पौधरोपण

सिटी रिपोर्टर • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कम्युनिटी सेंटर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर भू-दृश्य संरचना ईकाई ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कंबोज बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने पौधरोपण किया। साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-23 | 5 | 3-5 |

# दीक्षांत समारोह : पीएचडी के 7 विद्यार्थियों को मिलेगा डॉ. वीडी कश्यप गोल्ड मेडल

## एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी, कार्यक्रम कल

माई सिटी रिपोर्टर

### ड्रेस, आईकार्ड व कोविड रिपोर्ट देखकर मिलेगा प्रवेश

सोमवार को होने वाले दीक्षांत समारोह में केवल चिन्हित लोगों को ही मुख्य हाल में प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार मेडल व उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य है। रविवार को होने वाले फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान इन सभी विद्यार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। मेडल पाने वाले मेधावियों को अपना परिचय पत्र व कोविड जांच रिपोर्ट भी साथ रखना होगा। कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगों को भी अपना परिचय पत्र अनिवार्य रूप से दिखाना होगा।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के 25 वें दीक्षांत समारोह में 865 विद्यार्थियों को उपाधि व 124 को गोल्ड मेडल दिया जाना है। इनमें से पीजी व पीएचडी के 22 विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी लेवल गोल्ड मेडल और स्नातक स्तर के 31 विद्यार्थियों को एचएयू मेरिट गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। पीएचडी के 7 विद्यार्थियों को डॉ. वीडी कश्यप गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। रविवार को फुल ड्रेस रिहर्सल में इन सभी को इसका अभ्यास कराया जाएगा।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से 307 लड़के तथा 558 लड़कियां हैं। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पीएचडी के 7 विद्यार्थियों को डॉ. वीडी कश्यप गोल्ड मेडल दिया जाएगा।

इसके अलावा 7 विद्यार्थियों को डॉ. आरएन पाल मेमोरियल गोल्ड मेडल, 3 विद्यार्थियों को डॉ. सविता सिंगल गोल्ड मेडल, 2 विद्यार्थियों को प्रो. रतनलाल गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। सिल्वर जुबली गोल्ड मेडल फार वूमन 7 विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। परास्नातक व डॉक्टरेट उपाधि लेने वाले 22 विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी लेवल गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। परास्नातक में 7 विद्यार्थियों को डॉ. श्रीमती सरोज कश्यप गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को डॉ. रामधन सिंह गोल्ड मेडल, 6 विद्यार्थियों को डॉ. एसडी निझावन गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को डॉ. एसआर व्यास गोल्ड मेडल व 5 विद्यार्थियों को डॉ. एसबी फौगाट मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे।

इसी प्रकार स्नातक स्तर पर 31 विद्यार्थियों को एचएयू मेरिट गोल्ड मेडल, 7 विद्यार्थियों को एएल फ्लैचर गोल्ड मेडल, 3 विद्यार्थियों को इंटरनेशनल वूमन ईयर 1975 गोल्ड मेडल व 3 विद्यार्थियों को डॉ. पीएस लांबा गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-5-23 | 1 | 2-8 |

# तीन घंटे एचएयू में रुकेंगी राष्ट्रपति, 50 मिनट होगा दीक्षांत समारोह

## कल दो बजे पहुंच सकती हैं राष्ट्रपति, एयरपोर्ट से सीधा फैकल्टी हाउस पहुंचेंगी

जागरण संवाददाता, हिसार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियां तेज हो गई हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी आडिटोरियम में सोमवार को होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह 50 मिनट का होगा। राष्ट्रपति समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां और 124 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। यह समारोह शुरू होने से करीब दो घंटे पहले एचएयू पहुंच जाएंगी और लंच भी यहीं करेंगी। समारोह के दौरान किसी की भी बिना कार्ड के एंट्री नहीं होगी और एचएयू को पूरी तरह से सील किया जाएगा, वहीं रविवार दोपहर को बाद आडिटोरियम को प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से अपने कब्जे में लेगा और उसमें किसी बाहरी व्यक्ति को जाने की इजाजत नहीं होगी।

एचएयू के दीक्षांत समारोह में 124 गोल्ड मेडलिस्ट में से 89 लड़कियां हैं। इसके अलावा उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से 307 लड़के तथा 558 लड़कियां हैं। समारोह को लेकर राष्ट्रपति को लेकर चार बजे सभी आडिटोरियम में पहुंचेंगे। उसके बाद 50 मिनट बाद चार बजकर 50 मिनट तक कार्यक्रम चलेगा। समारोह में मंच पर राष्ट्रपति के साथ चार माननीयों की कुर्सी लगेगी। इसमें मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कृषि मंत्री और एचएयू के कुलपति शामिल हैं। समारोह में पहुंच रही राष्ट्रपति को लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी हो गई हैं। एचएयू को सजाया गया है। जगह-जगह झंडे लगाने के साथ फव्वारे चलाए जा रहे हैं।



राष्ट्रपति के आगमन को लेकर इंदिरा गांधी आडिटोरियम तैयारियों का जायजा लेते एडीजीपी श्रीकांत जाधव। • जागरण

### आज होगी रिहर्सल

सोमवार को होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर रविवार को रिहर्सल की जाएगी। फुल ड्रेस रिहर्सल को देखते हुए सभी विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। विद्यार्थियों की तरफ से सुबह 10 बजे रिपोर्ट करना होगा। करीब 12 बजे रिहर्सल शुरू होगी। इसमें कुलपति के साथ एचएयू के रजिस्ट्रार, डीन-डायरेक्टर भी शामिल होंगे।

### अब बिना आइकार्ड के नहीं होगी एचएयू में एंट्री

राष्ट्रपति का सोमवार को एचएयू के इंदिरा गांधी आडिटोरियम में कार्यक्रम को देखते हुए एचएयू की सुरक्षा भी कड़ी कर दी है। एचएयू में बिना आइकार्ड दिखाए एंट्री नहीं होगी। बाहरी व्यक्ति कोई न आए इसको लेकर यह आदेश जारी किए गए हैं। अभी हाल ही में एचएयू प्रशासन ने घूमने वालों पर भी रोक लगाई हुई है।

### 89 छात्राओं को दिए जाएंगे गोल्ड मेडल

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षांत समारोह में इस बार 2013 के बाद के कुल 124 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। राष्ट्रपति के हाथों मिलने वाले गोल्ड मेडल लेने में लड़कियां आगे हैं। इसमें से 89 लड़कियां हैं जिनको गोल्ड मेडल मिलेगा। इसमें पीएचडी के सात विद्यार्थियों को डा. टीडी कश्यप गोल्ड मेडल, सात विद्यार्थियों को डा. आरएन ... मेमोरियल गोल्ड मेडल, तीन विद्यार्थियों को डा. सविता सिंगल गोल्ड मेडल, दो विद्यार्थियों को प्रो. रतन लाल गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। स्नातकोत्तर में सात विद्यार्थियों को डा. सरोज कश्यप गोल्ड मेडल, सात विद्यार्थियों को डा. रामधन सिंह गोल्ड मेडल, छह विद्यार्थियों को डा. एसडी ... गोल्ड मेडल, सात विद्यार्थियों को डा. एमआर ... गोल्ड मेडल व पांच विद्यार्थियों को डा. एसबी ... मेमोरियल गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे।

## वीवीआइपी स्थानों पर मच्छर मारने के लिए कराई फोगिंग

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 1986 में बना इंदिरा गांधी आडिटोरियम सोमवार को छात्रों के लिए एक यादगार बनेगा। छात्रों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों मिलने वाली डिग्री अहम होगी। वहीं समारोह को लेकर आडिटोरियम की लुक बदल गया है। मुख्य मंच पर रेड कारपेट बिछाया गया है। साथ ही आडिटोरियम के साथ फैकल्टी हाउस व अन्य वीवीआइपी स्थानों पर मच्छर मारने के लिए फोगिंग करवाई गई है। साथ ही हर स्थान को बढ़ते कोरोना को देखते हुए सैनिटाइज किया गया है। कार्यक्रम से पूर्व सुरक्षा की दृष्टि से शनिवार को फ्लीट रिहर्सल भी की गई। इसमें हर प्वाइंट को हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, एडीजीपी श्रीकांत जाधव सहित डीसी-एसपी ने चर्चा की दिशा निर्देश जारी किए गए। एचएयू के आडिटोरियम का उद्घाटन 1986 में स्व. बंसीलाल ने किया था। उसके बाद 2003 में पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम पहुंचे थे। अब 20 साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति से डिग्री लेने के लिए विद्यार्थियों में काफी जोश है।

राष्ट्रपति के हिसार दौरे को लेकर शनिवार को सिक्योरिटी, प्रोटोकोल तथा फ्लीट रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य मेहमानों की सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। रिहर्सल में हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव, उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया सहित अन्य आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी भी शामिल हुए।



एचएयू के इंदिरा गांधी आडिटोरियम में मच्छरों को मारने के लिए फोगिंग करते हुए। • जागरण

### निगमायुक्त ने राष्ट्रपति के आगमन पर शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

जासं, हिसार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हिसार आगमन पर शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और बाहरी तथा आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट से लेकर एचएयू तक रास्ते के सभी चौकों की सफाई व्यवस्था व मेंटेनेंस का जायजा लिया। साथ ही इसी रास्ते में किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत निगमायुक्त ने पारिजात चौक, तुलसी चौक, बरवाला चुंगी, तलाकी गेट के कई आंतरिक क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था व सुंदरता के कार्यों का जायजा लिया।

## छह आइएएस, 20 डीएसपी सहित एक हजार जवानों को राष्ट्रपति की सुरक्षा की जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 24 मार्च को होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की सुरक्षा कड़ी रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए छह आइएएस, 20 डीएसपी सहित एक हजार जवान तैनात रहेंगे। तीन लेयर सुरक्षा के साथ कोई भी बाहरी व्यक्ति एचएयू के अंदर व इंदिरा गांधी आडिटोरियम के पास नहीं पहुंच पाएगा। राष्ट्रपति सोमवार को करीब दो बजे एचएयू में पहुंच जाएंगी। उनके आगमन को तैयारियों के साथ पुलिस की तरफ से काफिला निकाल कर रूट की जांच की गई। एचएयू के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति हिसार पहुंच रही हैं। सुरक्षा की दृष्टि से हिसार के अलावा आस पास के जिलों से भी पुलिस फोर्स मंगवाई गई है। राष्ट्रपति के आगमन के साथ ही एचएयू में किसी की एंट्री नहीं की जाएगी। उसके साथ ही जगह-जगह नाके लगाए जाएंगे।

### पुलिस ने काफिला निकाल देखा रूट

पुलिस की तरफ से राष्ट्रपति आगमन को देखते हुए गाड़ियों का काफिला निकाल कर रूट की जांच की गई। इसमें हिसार मंडल कमिश्नर गीता भारती, एडीजीपी श्रीकांत जाधव, डीसी उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया सहित सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी साथ थे।

### यह भी विशेष बात

- 89 लड़कियों को दिए जाएंगे गोल्ड मेडल
- एचएयू में बिना कार्ड के एंट्री होगी अब मुश्किल
- एचएयू के आडिटोरियम सहित रुकने वाले स्थान को सैनिटाइज के साथ फोगिंग की गई

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-23 | 4 | 1-7 |

# राष्ट्रपति की सुरक्षा में 5 एसपी समेत एक हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

## कल एचएयू के दीक्षांत समारोह में आएंगी राष्ट्रपति, 865 विद्यार्थियों को देंगी उपाधि और मेडल

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। एचएयू के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने पांच जिलों के एसपी समेत 10 डीएसपी और एक हजार पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में तैनात किया है। विश्वविद्यालय परिसर को हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया है। शनिवार को गिरी सेंटर से इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम तक फ्लीट रिहर्सल की गई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल होगी।

कल एचएयू का 25वां दीक्षांत समारोह मनाया जाएगा। इसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि हैं। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। शनिवार को पूरा परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। हिसार व हांसी के अलावा सिरसा, फतेहाबाद, चरखी दादरी आदि से पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी यहां लगाई गई है। एचएयू परिसर में स्थित गिरी सेंटर में तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। इसलिए पूरे विश्वविद्यालय परिसर को ही सुरक्षा घेरे में रखा गया है। शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने गिरी सेंटर स्थित हेलीपैड से लेकर इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम तक फ्लीट रिहर्सल की। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि एसपी स्तर का अफसर फ्लीट की अगवानी करेगा।

वीवीआईपी कार्यक्रम को देखते हुए एयरपोर्ट से एचएयू के एक नंबर गेट तक वैकल्पिक मार्ग को भी तैयार किया जा रहा है, जिसका आवश्यकतानुसार इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर एचएयू तक आने वाले रास्ते के सभी अवैध कट बंद कराए जाएंगे। कार्यक्रम के दिन इस रूट पर पुलिस कर्मचारियों को महत्वपूर्ण जगहों पर तैनात किया जाएगा, जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर कुछ मिनट के अंदर ही सड़क को ग्रीन कॉरिडोर में तब्दील किया जा सके।



एचएयू के कार्यक्रम स्थल पर अफसरों ने ली सुरक्षा की जानकारी। संवाद

### डेढ़ घंटे का समय आरक्षित रखा गया है

शनिवार शाम तक भी राष्ट्रपति के कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी प्रशासन के पास नहीं आई थी, उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि संभवतः महामहिम ढाई बजे ही एचएयू कैंपस पहुंच जाएंगी। वे यहां कुछ देर विश्राम के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसे देखते हुए फैकल्टी क्लब में जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। दीक्षांत समारोह शाम चार बजे से 4.30 बजे तक चलेगा। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे।

### इससे पहले 2003 में डॉ. कलाम आए थे एचएयू में

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पहले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने आए थे। अप्रैल 2003 में आए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने छात्रों को खेती के लिए सस्ती व उपयोगी तकनीक खोजने का सुझाव दिया था। उस वक्त इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे डॉ. सतपाल व शिक्षक डॉ. ओपी बिश्नोई पुरानी यादों को ताजा करते हुए काफी रोमांचित हैं।

### आज सुबह 10 बजे आएंगे उपाधि व मेडल पाने वाले विद्यार्थी

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि रविवार को सुबह 10 बजे मेडल व उपाधि पाने वाले सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम स्थल पर बुलाया गया है। दोपहर 12 बजे सबको कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के बाद रिहर्सल कराई जाएगी। इस दौरान प्रत्येक विद्यार्थी को सीट नंबर आवंटित किया जाएगा।

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23-4-23 | 10 | 2-8 |

# राष्ट्रपति आगमन के समय हकृवि परिसर होगा सील

- विवि के सभी गेटों को 24 अप्रैल को दोपहर 1 बजे कर दिया जाएगा बंद
- आज से हकृवि में आईडी कार्ड के बिना प्रवेश बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर 24 अप्रैल को दोपहर एक बजे विवि को पूरी तरह से सील कर दिया जाएगा। इस दौरान विवि के सभी गेटों को आवाजाही के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस बारे में विवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की तरफ से पत्र भी जारी कर दिया गया है। उधर, राष्ट्रपति आगमन को लेकर विवि परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। एक हजार से अधिक पुलिस जवानों तथा अधिकारियों की तैनात की गई है।

### बिना आईडी कार्ड प्रवेश नहीं

विवि प्रशासन की तरफ से राष्ट्रपति आगमन के चलते परिसर में सुबह-शाम सैर के लिए आने वाले लोगों का प्रवेश 24 अप्रैल तक पहले ही बंद कर दिया गया था। अब प्रशासन की तरफ रविवार से बिना आईडी कार्ड किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। हकृवि कर्मियों व विद्यार्थियों को भी बिना आईडी कार्ड के विवि परिसर में आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। विवि के सभी गेटों पर हकृवि सुरक्षा गार्डों के अलावा पुलिस कर्मियों को भी तैनात कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने विवि परिसर में मोर्चा संभाल लिया है।



हिसार। राष्ट्रपति आगमन को लेकर हवाई अड्डे का दौरा करते डीसी उत्तम सिंह व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कुलपति ने दिनभर लिया अपडेट: दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति आगमन की तैयारियों के चलते दिनभर मीटिंगों का दौर चलता रहा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटी कमेटियों के साथ बैठक की और उनसे अपडेट लिया। उधर, राष्ट्रपति, राज्यपाल, सीएम समेत अन्य वीवीआईपीज के आगमन के मद्देनजर हकृवि परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

### हेलीकॉप्टर से आएंगी राष्ट्रपति

दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हेलिकॉप्टर से आएंगी। उनके [illegible] के लिए [illegible] तथा सीएम [illegible] लाल मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा में दो अन्य अत्याधुनिक हेलिकॉप्टर तैयार होंगे। राष्ट्रपति दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचेंगी और यहां पर खाना खाने के बाद कुछ देर के लिए विश्राम करेंगी और सायं 4 बजे इंदिरा गांधी सभागार में दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। बता दें कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 865 स्नातकों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में 1 अगस्त 2021 से 30 सितंबर 2022 के दौरान शिक्षा पूरी कर चुके विद्यार्थियों में 290 स्नातक, 447 परास्नातक एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

# राष्ट्रपति दौरे को लेकर सिक्योरिटी प्रोटोकोल तथा फ्लीट का रिहर्सल

- एडीजीपी ने अधिकारियों संग दौरा करके लिया राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

हिसार। राष्ट्रपति के हिसार दौरे को लेकर सिक्योरिटी, प्रोटोकोल तथा फ्लीट रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों की सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। रिहर्सल में हिसार रैंज के एडीजीपी जाधव, हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, डीसी उत्तम सिंह व एसपी गंगा राम पूनिया सहित अन्य आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी हिदायत दी गई। रिहर्सल के दौरान डीसी उत्तम सिंह ने प्रोटोकोल अधिकारियों को भी राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा उच्चाधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहने व सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए। फ्लीट रिहर्सल में यातायात प्रबंधों, आयोजन स्थल तक यात्रा में लगने वाले समय तथा सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि परिसर, आईसी ऑडिटोरियम, फैकल्टी हाउस, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे तथा शहर के मुख्य मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों को जांचा गया। राष्ट्रपति 24 को विवि में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-23 | 2 | 4-8 |

# रिहर्सल में यातायात प्रबंधों और सुरक्षा को लेकर की समीक्षा

## फ्लीट रिहर्सल में पहुंचीं मंडलायुक्त गीता भारती ने प्रोटोकॉल अधिकारियों को दिए निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** राष्ट्रपति के हिसार दौरे को लेकर शनिवार को मंडलायुक्त व एडीजीपी ने भी सुरक्षा, प्रोटोकॉल तथा फ्लीट रिहर्सल का निरीक्षण किया। इसके अलावा एयरपोर्ट से लेकर एचएयू गेट व कार्यक्रम स्थल तक की सभी तैयारियों की समीक्षा की। मंडलायुक्त ने प्रोटोकॉल अफसरों व एडीजीपी ने सुरक्षा अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।



हिसार एयरपोर्ट पर मंडलायुक्त व एडीजीपी ने ली तैयारियों की जानकारी। संवाद

इससे पहले फ्लीट रिहर्सल के दौरान राष्ट्रपति, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों की सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंधों की जांच की गई। रिहर्सल में मंडल आयुक्त गीता भारती, रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव, उपायुक्त उत्तम सिंह व एसपी गंगा राम पूनिया सहित अन्य आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी भी शामिल हुए। फ्लीट रिहर्सल में यातायात प्रबंधों, सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। इसके बाद एचएयू परिसर, आईजी ऑडिटोरियम, फैकल्टी हाउस, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे तथा शहर के मुख्य मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों व व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा गया।

### दिल्ली से मंगाई गई खास कुर्सी

कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रपति के लिए खास कुर्सी दिल्ली से मंगाई गई है। इस कुर्सी में पीछे अशोक स्तंभ का चिह्न लगा हुआ है। ऑडिटोरियम हॉल के मुख्य गेट को फूलों से सजाया गया है। इसके लिए खास तौर पर ताजे फूल मंगाए गए हैं। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि महामहिम के स्वागत के लिए भी खास तौर पर गुलदस्ता तैयार कराया गया है।

### फैकल्टी हाऊस में चल रही तैयारी

राष्ट्रपति के एक घंटे पहले हिसार पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए फैकल्टी हाऊस के कैंटीन में भोजन का भी प्रबंध किया जा रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन राष्ट्रपति भवन के संपर्क में है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति भवन से मिली जानकारी के अनुसार यहां की कैंटीन में भोजन का प्रबंध किया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-4-23 | 1 | 1-5 |

# राष्ट्रपति के हिसार दौरे को लेकर सिक्योरिटी, प्रोटोकोल व फ्लीट रिहर्सल आयोजित

हिसार, 22 अप्रैल (राठी): महामहिम राष्ट्रपति के हिसार दौरे को लेकर शनिवार को सिक्योरिटी, प्रोटोकोल तथा फ्लीट रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों की सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। रिहर्सल में हिसार रेंज के ए.डी.जी.पी. श्रीकांत जाधव, हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया सहित अन्य आई.ए.एस. एवं आई.पी.एस. अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी हिदायत दी गई।

रिहर्सल के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने प्रोटोकोल अधिकारियों को भी महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा उच्चाधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहने व सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए। फ्लीट रिहर्सल में यातायात प्रबंधों, आयोजन स्थल तक यात्रा में लगने वाले समय तथा सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर, आई.जी. ऑडिटोरियम, फैकल्टी हाऊस, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे तथा शहर के मुख्य मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों व व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा गया।

गौरतलब है कि महामहिम राष्ट्रपति 24 अप्रैल को विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इसी को लेकर शनिवार को ए.डी.जी.पी. श्रीकांत जाधव ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसी के प्रमुखों को ब्रीफ किया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए और कहा कि वे अपने ड्यूटी के स्थान पर पुरी तरह से मुस्तैद रहे।

पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को जरूरी हिदायत दी। फाइनल रिहर्सल रविवार को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर ए.सी.यू.टी. नरेंद्र कुमार, एस.डी.एम. जयबीर यादव, अश्वीर नैन, डॉ. जितेंद्र अहलावत, सीटीएम राजेश खोथ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



*व्यवस्थाओं का जायजा लेते ए.डी.जी.पी. श्रीकांत जाधव, हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया।*

## ए.डी.जी.पी. ने सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

राष्ट्रपति के आगमन से पहले ए.डी.जी.पी. श्रीकांत जाधव ने हिसार क्षेत्र में लगी सुरक्षा ड्यूटियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट, तमाम रूटों व कार्यक्रम स्थल का दौरा कर लगी सुरक्षा ड्यूटियों को चैक किया।

राष्ट्रपति के हिसार आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान शहर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहें। इसी के दृष्टिगत ए.डी.जी.पी. ने शहर में सभी महत्वपूर्ण व संदिग्ध स्थानों की बारीकी से चैकिंग, अजनबी व संदिग्ध नजर आने वाले लोगों से गहन पूछताछ के निर्देश दिए। उन्होंने हिसार शहर व आसपास के शहरों के होटलों, धर्मशालाओं मे ठहरे लोगों की पहचान व सुरक्षा संबंधी हर पहलू पर गहन जांच पड़ताल करने को कहा। वी.वी.आई.पी. गेट सहित सभी गेटों पर पुलिस चैकिंग पार्टी के पास उच्चकोटि के डी.एफ.एम.डी./एच.एच.एम.डी. यंत्र उपलब्ध करवाने को कहा।

## निगम आयुक्त किया शहर का निरीक्षण

हिसार (बैनीवाल): राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न एरिया का निरीक्षण। इस दौरान संयुक्त आयुक्त बेलिना, डी.एम.सी. वीरेंद्र सहारण, एक्सईएन संदीप धुंधवाल, जेई कुलदीप, जेई सुमित, सी.एस.आई. जयवीर व राजकुमार मौजूद रहे।



*शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते निगम आयुक्त प्रदीप दहिया।*

नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था और चौकों का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट से एचएयू के गेट तक सड़क की सफाई व्यवस्था सही होनी चाहिए।

## पुलिस के 30 अधिकारी व 1000 कर्मी रहेंगे तैनात

हिसार (स्वामी): चौधरी चरण सिंह हरियणा कृषि विश्वविद्यालय में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर 30 आई.पी.एस. व एच.पी.एस. और 1000 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। पुलिस कर्मी शनिवार को शहर के काफी डिवाईडरों के कट पर अवरोधक लगाते नजर आए। ताकि यातायात व्यवस्था बनी रहे। पुलिस कर्मियों ने दोपहर को सिविल अस्पताल मोड़ के पास डिवाईडर के कट पर अवरोधक लगाकर रस्सी बांधी।

कार्यक्रम को लेकर पार्किंगस्थल एच.ए.यू. के अंदर अलग-अलग जगह बनाए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्यक्रम में तैनात होने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस कर्मियों व स्वास्थ्य कर्मियों के सैंपल लिए हैं, ताकि संक्रमित कर्मचारी को ड्यूटी से हटाया जा सके।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-4-23 | 3 | 1-4 |

**राष्ट्रपति दौरा** • एचएयू में सिक्योरिटी, प्रोटोकॉल और फ्लीट रिहर्सल, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की

# एयरपोर्ट का अस्थायी रास्ता बंद, स्कूल खुले रहेंगे

भास्कर न्यूज | हिसार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एचएयू दौरे को लेकर शनिवार को सिक्योरिटी, प्रोटोकॉल तथा फ्लीट रिहर्सल का आयोजन किया गया। फाइनल रिहर्सल रविवार को होगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में एक हजार पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। शनिवार को भी एचएयू परिसर में चप्पे चप्पे पर पुलिस टीम तैनात रही।

हेलीकॉप्टर भी एचएयू में राउंड लेते रहे। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसी के प्रमुखों को ब्रीफ किया। एयरपोर्ट की तरई जाने वाले अस्थाई रास्ते को भी बंद कर दिया गया है। तलवंडी राणा की तरफ जाने वाले रास्ते के गेट पर ताला जड़कर बंद कर दिया गया। दूसरी तरफ यह चर्चा थी कि दौरे को लेकर सोमवार को सभी स्कूल बंद रहेंगे लेकिन शाम तक जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल खुले रखने की सूचना दी।

शनिवार को रिहर्सल में हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव, मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया सहित अन्य आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी भी शामिल हुए। रिहर्सल के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने प्रोटोकोल अधिकारियों को भी राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा उच्चाधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहने व सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए।



एयरपोर्ट पर निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त गीता भारती, एडीजीपी श्रीकांत जाधव।

## एचएयू में आने जाने वालों से हुई पूछताछ

एचएयू में दीक्षांत समारोह को लेकर एक नंबर गेट के पहले ही मधुबन चौक पार्क से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एक नंबर गेट से एंट्री करने वालों से पूछताछ की गई, व्हीकल्स के नंबर नोट करने के बाद ही एंट्री दी। यूनिवर्सिटी में फैकल्टी क्लब से लेकर आईजी ऑडिटोरियम में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था रही। प्रशासनिक भवन में भी अधिकारियों का आवागमन रहा। यहां कुछ रुम खाली करवाएं हैं, जहां कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

- **दीक्षांत समारोह के लिए पहुंची चेयर, स्टेज पर लगेंगी चार कुर्सिंया** : दीक्षांत समारोह में मुख्य स्टेज पर चार कुर्सियां लगाई जाएंगी। राष्ट्रपति राष्ट्रीय चिह्न वाली कुर्सी पर बैठेंगी। यह कुर्सी तैयार करवा ली गई है। उनके साथ ही तीन कुर्सियां और रहेंगी।

## 865 को मिलेंगी डिग्रियां, पूर्वाभ्यास होगा आज

एचएयू दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 865 स्टूडेंटस को डिग्रियां प्रदान करेंगी। इनमें से 290 स्नातक, 447 परास्नातक एवं 128 डॉक्टरेट की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 124 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। विद्यार्थियों का रविवार को पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23-4-23 | 3 | 3-4 |

## एडीजीपी ने राष्ट्रपति के आगमन से पहले सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**हिसार।** एचएयू में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन से पहले एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने क्षेत्र में लगी सुरक्षा ड्यूटियों का निरीक्षण किया। उन्होंने एयरपोर्ट, तमाम रूटों और कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। एयरपोर्ट से एचएयू तक आने वाले मार्ग में पड़ने वाले अनावश्यक कटों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

एयरपोर्ट पर पहुंचे एडीजीपी जाधव ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर के महत्वपूर्ण और संदिग्ध स्थानों की चेकिंग की और संदिग्ध नजर आने वाले लोगों से गहन पूछताछ के निर्देश दिए। शहर व आसपास के एरिया में चल रहे होटलों, धर्मशालाओं में ठहरे लोगों की पहचान करें। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया आदि मौजूद थे। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक ट्रिब्यून | 23-4-23 | 5 | 1-4 |

हकृवि का दीक्षांत समारोह कल

# हिसार राष्ट्रपति के दौरे से पहले की रिहर्सल

हिसार, 22 अप्रैल (हप्र)

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 24 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। उनके दौरे से पहले शनिवार को सिक्योरिटी, प्रोटोकोल तथा फ्लीट रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल के दौरान राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों की सुरक्षा को लेकर किए गए प्रबंधों की बारीकी से जांच की गई। रिहर्सल में हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव, हिसार मंडल आयुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया सहित अन्य आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी भी शामिल हुए।

इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जरूरी हिदायत दी गई। रिहर्सल के दौरान उपायुक्त उत्तम सिंह ने प्रोटोकोल अधिकारियों को भी महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों तथा उच्चाधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहने व सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए। फ्लीट रिहर्सल में यातायात प्रबंधों, आयोजन स्थल तक यात्रा में लगने वाले समय तथा सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर, आईजी ऑडिटोरियम, फैकल्टी हाउस, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे तथा शहर के मुख्य मार्गों पर सुरक्षा प्रबंधों व व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा गया। गौरतलब है कि राष्ट्रपति 24 अप्रैल को विश्वविद्यालय में प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इसी को लेकर शनिवार को एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसी के प्रमुखों को ब्रीफ किया। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए और कहा कि वे अपने ड्यूटी के स्थान पर पुरी तरह से मुस्तैद रहें। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को जरूरी हिदायत दी। फाइनल रिहर्सल रविवार को आयोजित की जाएगी।



हिसार में शनिवार को सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी। -हप्र